हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 आजीविका से जुड़कर चर्चा व नारी के स्व सहायता ...




12 कांवरियों का पहला जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए...



## खबर संक्षेप

### हनुमान चालीसा पाठ एवं गुरु पूजन आज



**धमतरी।** गुरू पूर्णिमा पर्व पर धर्म संघ पीठ परिषद्, आदित्य वाहिनी, आनन्द वाहिनी द्वारा 12 जुलाई शनिवार को शाम 4.30 बजे श्रीराम जानकी मठ मंदिर परिसर स्थित श्री जलाराम मंदिर मठ मंदिर चौक में श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं गुरू पूजन कार्यक्रम रखा गया है।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 14 को

**धमतरी।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 14 जुलाई को होगी। जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित इस बैठक में धान उपार्जन केन्द्र, धान भण्डारण, उचित मूल्य दुकानों, कृषक ऋण, खाद-बीज, खादी ग्रामोद्योग इत्यादि की समीक्षा की जाएगी।

### 621 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 14 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 14 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक एलआईसी धमतरी, प्रथम एजुकेशन कुरूद, नीलेश ज्वेलर्स धमतरी द्वारा प्रबंधक, सेल्स एजेंट, ब्रांच मैनेजर, वेल्डर, प्लंबर, हाउस कीपिंग, एकाउंटेंट, सोलर पीवी ईन्स्टालर सहित कुल 621 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू लिया जाएगा।

### कालसर्प दोष शांति पूजन 29 को


**धमतरी।** इस वर्ष भी कालसर्प दोष शांति पूजन को लेकर विप्र विद्वत परिषद धमतरी की बैठक हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 29 जुलाई को नागपंचमी पर्व पर रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री धमतरी में कालसर्प दोष शांति पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पंजीयन शुल्क 31 सौ रूपए रखा गया है। पंजीयन गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक सदर बाजार रोड धमतरी में किया जाएगा। बैठक में परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक शास्त्री, होमन प्रसाद शास्त्री, सूरज तिवारी, राजकुमार तिवारी, लोकेश उपाध्याय, राजा तिवारी, महेन्द्र तिवारी, आलोक त्रिपाठी, राजकिशोर पाण्डेय, दीनानाथ पाण्डेय, दीपक मिश्रा, श्रीकांत तिवारी सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।


शाम 6 बजे कुरूद क्षेत्र के डाही खार में विचरण कर रहा था

# जंगल से निकलकर मैदानी इलाके में पहुंचा हाथी

- वन विभाग की टीम मौके पर तैनात
- हाथी को देखने लोगों की उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी







पखवाड़े भर से शहर के करीब धमतरी केरेगांव परिक्षेत्र में विचरण कर रहा मखना हाथी अपनी कारिडोर से भटक गया है। गुरु-शुक्रवार की रात हाथी जंगल क्षेत्र को छोड़ कई किमी दूर राजस्व क्षेत्र/चातरराज में पहुंच गया है। हाथी आने की खबर से हड़कंप मचा हुआ है, वहीं उत्सुकतावश हाथी को देखने सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ती रही। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन को भेड़ा-रींवागहन आने-जाने के रास्ते को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा।

समाचार लिखे जाने तक हाथी का लोकेशन कुरूद के ग्राम डाही में था जिसकी निगरानी में वन विभाग की टीम जुटी हुई है। सूचना पर कुरूद एसडीएम, भखारा तहसीलदार सहित पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। जिले के जंगल में हाथी कॉरिडोर गरियाबंद से उत्तर सिंगपुर, केरेगांव, दक्षिण धमतरी, डुबान होते हुए बालोद जाने का है लेकिन चंदा हाथी दल से बिछड़ा मखना/बिना दांत वाला हाथी गुरुवार की रात रास्ता भटक गया।

डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार शाम को हाथी बरारी से मथुराडीह, परसुली महानदी को पार कर बंजारी, कलारतराई, संबलपुर हाईवे रोड क्रास कर परेवाडीह, भेण्ड्रा, रींवागहन होते हुए कुरूद विखं के ग्राम डाही में शुक्रवार शाम 6 बजे पहुंचा। उन्होंने बताया कि दोपहर तक हाथी रींवागहन के श्मशान घाट के झुरमुट में छिपा था। एक दो बार सड़क तक निकला, लेकिन लोगों की भीड़ देखकर वापस चला गया। जंगली हाथी को देखने लोगों की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी। हाथी की मौजूदगी को देखते हुए प्रशासन ने भेण्ड्रा, रींवागहन के रास्ते में दोनों तरफ आवागमन को बंद कराया था।

रींवागहन सरपंच प्रतिनिधि बताते हैं कि सुबह-सुबह हाथी रींवागहन पहुंचा। हाथी की मौजूदगी की जानकारी वन विभाग को दी गई। वन, राजस्व तथा पुलिस के अधिकारी कर्मचारी पहुंचकर मॉनिटरिंग कर रहे थे। खेती कार्य को बंद कराया गया। कोटवार से मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया गया। भेण्ड्रा रींवागहन में हाथी की मौजूदगी वाले क्षेत्र में डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसरे, संयुक्त वनमंडल अधिकारी मनोज विश्वकर्मा, रेंजर संदीप सोम, तीन प्रशिक्षु रेंजर सहित वन विभाग का स्टाफ मौजूद रहा। भखारा पुलिस भीड़ को नियंत्रण करने में जुटी रही।

### हाथी को सुगम रास्ता देना होगा

डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि विभाग का मुख्य फोकस भीड़ को नियंत्रण करना है। हाथी को सुगम रास्ता देना होगा। रात में वह 25 किमी का सफर कर मैदानी इलाका में पहुंच गया है। हाथी के निकलने पर दो टीम साथ में रहेगी। एक टीम हाथी के आगे तथा एक टीम हाथी के पीछे रहेगी, जिससे रास्ता क्लियर रहे। उन्होंने बताया कि टीम 24 घंटे अलर्ट पर है। इसके लिए 4 टीम तैनात की गई है। रात को भी लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। ड्रोन कैमरा का भी इस्तेमाल किया जाएगा। फसल को थोड़ा नुकसान पहुंचा है। संपत्ति, जनहानि की सूचना नहीं है।

# मखना हाथी से बचने युवक नाला में कूदा, पैरों से कुचलने की कोशिश की, कीचड़ से बची जान

- जिला अस्पताल में चल रहा घायल का उपचार
- ग्राम भेण्डरा में हाथी ने मचाया आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



घायल मिथिलेश




तेजराम यादव

जंगल छोड़कर ग्रामीण अंचल में विचरण कर रहे मखना हाथी ने ग्राम भेण्डरा के एक युवक पर हमलाकर उसे पैरों से कुचलने का प्रयास किया। घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घायल के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेण्ड्रा निवासी मिथिलेश साहू पिता बुधराम उम्र 24 वर्ष टाईल्स लगाने का काम करता है। शुक्रवार की सुबह लगभग 7 बजे मिथिलेश गांव के तेजराम यादव पिता छबिलाल उम्र 30 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर काम करने रींवागहन जाने के लिए गांव से निकल रहा था। दोनों युवक गांव के सत्संग भवन के पास पहुंचे थे। तभी मखना हाथी अचानक उनके सामने आ गया। जंगली हाथी को सामने देख दोनों युवकों की हालत खराब हो गई। बाइक को छोड़कर दोनों युवक अपनी जान बचाने भागने लगे। हाथी से बचने दोनों युवक नाला में कूद गए। हाथी भी उनके पीछे नाला में उतरने लगा। हाथी के पहुंचने के पहले तेजराम किसी तरह उठकर नाला से बाहर निकलने में सफल हो गया, लेकिन मिथिलेश नाला से नहीं निकल पाया। लगभग 500 मीटर दौड़ते हुए पहुंच हाथी ने मिथिलेश को सूंड से पकड़कर नीचे पटक दिया। अपने पैरों से कुचलने का प्रयास किया। कुछ देर हमला करने के बाद हाथी युवक को छोड़कर आगे निकल गया। घटना की जानकारी होने पर परिजन व तेजराम सहित अन्य ग्रामीणों ने घायल मिथिलेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरु किया गया। हाथी के पैरों से युवक के शरीर पर लगी अंदरूनी चोट को देखते हुए उसका सीटी स्कैन कराया गया। घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं साथी तेजराम हाथी के हमले से बाल-बाल बचा।

### हाथी के पैरों के दबाव से युवक का सिर कीचड़ में धंस गया



घायल मिथिलेश व उसके पिता बुधारूराम ने बताया कि हाथी उसे सूंड से पकड़कर नाला में पटक दिया। उसके बाद अपने पैरों से सिर व पीठ को कई बार कुचलने का प्रयास किया। हाथी के पैरों के दबाव पड़ने पर मिथिलेश का सिर नीचे कीचड़ में धंस गया, वहीं पीठ पर रखे पैर के दबाव से चेस्ट कीचड़ में धंस गया। इससे युवक का सिर व पीठ हाथी के पैरों से कुचल जाने से बच गया। अगर नीचे ठोस जमीन रहती तो युवक की मौत निश्चित थी, लेकिन कीचड़ के कारण युवक को नया जीवन मिल गया।

## तेज रफ्तार सूमो की ठोकर से बाइक सवार दो घायल

- रत्नाबांधा रोड की घटना

**धमतरी।** तेज रफ्तार सूमो ने विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घटना में बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरसी निवासी वीरेन्द्र सेन पिता झुमुकलाल उम्र 38 वर्ष फारेस्ट विभाग में काम करता है। उसका बहन दामाद देवव्रत सेन पिता राधेलाल उम्र 48 वर्ष ग्राम सिवनीखुर्द निवासी ससुराल लोहरसी आया था। बुधवार की शाम वीरेन्द्र मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एएन 2911 से अपने बहन दामाद देवव्रत के साथ गांव से धमतरी आ रहा था। इसी दौरान रत्नाबांधा मार्ग पर सामने से सूमो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचबी तेज गति से आ रहा था। रत्नाबांधा मार्ग पर व्हाइट हाउस के सामने चालक ने सूमो को लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में वीरेन्द्र के दोनों हाथ, कंधा, कोहनी व देवव्रत के सिर, गला, हाथ व पैर में चोट आई है। वहीं मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया। घायल वीरेन्द्र सेन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सूमो चालक के खिलाफ धारा 184, 125-2, 281 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पार्षद के खिलाफ लामबंद हुए निगम कर्मचारी



- आयुक्त को कार्रवाई के लिए लिखित में ज्ञापन सौंपा
- आरोपों को किया खारिज, पार्षद आज बैठेंगे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निगम में कार्यरत कर्मचारी रामनारायण के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले निगम के एक पार्षद के खिलाफ सभी कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। निगम कार्यालय के सामने पार्षद के खिलाफ नारेबाजी कर उचित कार्रवाई के लिए आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि पार्षद जब तक माफी नहीं मांगेंगे, उनके वार्ड में निर्माण कार्य करने नहीं जाएंगे। कर्मचारी रामनारायण ने बताया कि सुधार कार्य को लेकर पार्षद ने अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की कोशिश की है जिसकी जानकारी कर्मचारी संघ को दी। कर्मचारियों ने एकजुट होकर आयुक्त से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी एवं ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों ने आयुक्त को बताया कि जब तक पार्षद कर्मचारी से माफी नहीं मांगेंगे। उनके वार्ड में निर्माण कार्य में भाग नहीं लेंगे। घटना के समय निगम के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

इधर पार्षद का कहना है कि उन्होंने निगम के किसी भी कर्मचारी के साथ गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार, मारपीट नहीं की। निर्माण कार्यों के संबंध में उनसे शालीनता से पूछताछ की है। चूंकि वार्ड में छोटे बड़े कई निर्माण कार्य महीनों से रूका हुआ है। वार्डवासी उनसे प्रश्न करते हैं जिसका जवाब देते नहीं बन रहा है। मीडिया से ⏩ शेष पेज 11 पर

# शिक्षकों की कमी से रिजल्ट आया खराब, फूटा छात्रों का आक्रोश

- शंकरदाह स्कूल में तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शिक्षकों की कमी के चलते शंकरदाह स्कूल का परिणाम काफी खराब रहा। अभी भी शिक्षकों की कमी दूर नहीं हुई है। इससे परेशान शंकरदाह स्कूल के छात्र- छात्राओं व पालकों ने स्कूल में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद वे स्कूल में तालाबंदी कर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

जिले में इस साल बोर्ड परीक्षा का परिणाम काफी खराब रहा। कई स्कूलों का रिजल्ट तो 40 प्रतिशत से कम रहा। उसमें से एक शंकरदाह स्कूल भी है, जहां पर मात्र 36.39 छात्र-छात्राएं ही पास हो पाए हैं। रिजल्ट को देखकर पालक पहले से नाराज थे। इस स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों की कमी है। खराब रिजल्ट आने के बाद भी यहां शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है। युक्तियुक्तकरण में भी यहां पर रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती नहीं की गई। इससे पालकों की नाराजगी और बढ़ गई। शुक्रवार को यहां के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की भारी कमी से परेशान होकर स्कूल के गेट पर ताला जड़ दिया और घंटों तक जमकर हंगामा किया। छात्रों का साफ कहना है कि पिछले शैक्षणिक सत्र में शिक्षकों के अभाव में उनका परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहा था। इस साल भी वही पुराना राग अलापा जा रहा है। शिक्षकों की कमी से उनकी पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। करीब तीन घंटे बाद पुलिस बल के साथ जिला शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। उनके आश्वासन के बाद छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन स्थगित किया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर शिक्षकों की कमी को दूर नहीं किया जाता, तो वे एक बार फिर इसी तरह तालाबंदी कर महा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मुआवजा में हेराफेरी के मामले में शिकायतकर्ताओं के बयान हुए दर्ज



- आरटीआई कार्यकर्ता ने 52 पेज का दस्तावेज सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विशाखापट्टनम तक निर्माणाधीन सड़क में जमीन के मुआवजा को लेकर की गई हेराफेरी को लेकर शुक्रवार को आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू सहित अन्य शिकायतकर्ताओं ने बयान दर्ज करवाया। इसके साथ उन्होंने 52 पन्ने का एक दस्तावेज भी पेश किया, जिसमें हेराफेरी के सबूत मौजूद हैं। उधर इस मामले को लेकर जिला प्रशासन ने जांच के लिए अधिकारियों की टीम भी तैयार कर जांच शुरू कर दी है।

भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर से विशाखापट्टनम तक 6 लेन सड़क बन रही है। इस सड़क में कुरूद विकासखंड का बड़ा हिस्सा आता है। यहां पर सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर हेराफेरी करने का आरोप है। इसी मामले को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कुरूद ने शिकायतकर्ताओं का बयान दर्ज किया। आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू भी शिकायतकर्ता में शामिल हैं। वे सुरक्षा के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उनके साथ शिकायतकर्ताओं में लोकेश्वर साहू, युगलकिशोर ध्रुवंशी, प्रमोद कुमार चंद्राकर, कांशीराम साहू, ईश्वर साहू, सन्नी साहू आदि मौजूद थे।

उन्होंने हेराफेरी को लेकर दस्तावेज सौंपते हुए बताया कि ज्यादा मुआवजा पाने के लिए जमीन को टुकड़ों में विभाजित कर दिया गया। इस हेराफेरी को छिपाने के लिए दस्तावेजों में नामांतरण, बंटवारा, बिक्रीनाम आदि की तिथि बदली गई है। इससे शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया गया है।

## फसल बदलने वालों को मिलेंगे 11 हजार रुपए, दलहन, तिलहन, लघुधान्य पर 10 हजार

# धान की खेती छोड़ने वाले किसानों की बल्ले-बल्ले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फसल चक्र परिवर्तन पर जोर देते हुए धान के अतिरिक्त दूसरी फसल लेने वाले किसानों को आर्थिक सहायता का ऐलान किया गया है। कृषक उन्नति योजना के तहत धान के अतिरिक्त दूसरी फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार रुपए की सहयता मिलेगी। जो किसान अब तक धान लगाते थे, वे यदि दूसरी फसल लेते हैं तो उन्हें प्रति एकड़ 11 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

कांग्रेस शासनकाल में धान के अतिरिक्त दूसरी फसल लेने वालों को प्रोत्साहन दिया जाता है। पिछले साल किसानों को यह प्रोत्साहन राशि नहीं मिली। अब शासन ने कृषक उन्नति योजना की नई गाइडलाइन जारी की है, जिसके अनुसार फसल बदलने वाले किसानों के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है। जानकारी के अनुसार धान के अतिरिक्त दलहन, तिलहन आदि की खेती करने वाले किसानों को कृषि आदान के रूप में 10 हजार रुपए प्रति एकड़ आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस साल धान को छोड़कर दूसरी फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ 11 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। यह राशि उपज बेचने के समय दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को केंद्र सरकार के समर्थन मूल्य में करीब 800 रुपए प्रति क्विंटल जोड़कर दिया जाता है। धान के अतिरिक्त अन्य फसल लेने वालों को इस प्रकार का लाभ नहीं मिलता था। इसी कमी को दूर करने के लिए इन किसानों को प्रति एकड़ एकमुश्त सहायता राशि दी जा रही है।

### मंदिर, ट्रस्ट की जमीन का पंजीयन नहीं

एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन के बाद ही किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। कृषि आदान की राशि भी पंजीयन के बाद ही मिलेगी। जानकारी के अनुसार ट्रस्ट, मंदिर, मस्जिद, स्कूल, महाविद्यालय या अन्य संस्था को इसकी पात्रता नहीं होगी। बीज उत्पादन प्रक्रिया में भाग लेने वाले किसानों का भी पंजीयन किया जाएगा लेकिन बीज उत्पादन वाले रकबे को छोड़कर बाकी रकबे का पंजीयन किया जाएगा।



### गिरदावरी में पुष्टि होना जरूरी

पिछले साल जिन किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है, वे यदि दूसरी फसल लेते हैं तो उन्हें उस फसल के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। यही नहीं गिरदावरी में पुष्टि होने के बाद ही उन्हें कृषि आदान राशि का लाभ मिलेगा। यह राशि उनके खाते में डीबीटी से दी जाएगी। पात्रता अनुसार कृषि आदान राशि के भुगतान की जिम्मेदारी कृषि विभाग, खाद्य विभाग, मार्कफेड की होगी।

पाठक सूचना





धमतरी जिले में





समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### करंट की चपेट में आने से बंदर की मौत

**धमतरी।** बठेना वार्ड में करंट की चपेट में आने से एक बंदर की मौ हो गई। वार्डवासी गंगाराम निषाद, विज्जु सोनी ने मृत बंदर का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया।

- भक्तों ने किया अंतिम संस्कार

### राजपुर में कबड्डी 27 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों एवं जय मार्या नव युवक कबड्डी दल के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 27 जुलाई को आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 20001 रूपये, द्वितीय 13001 रूपये, तृतीय 6001 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपये है। इसके अलावा बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑलराउंडर को 1000 रूपये व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 351 रूपये है।

## निधन

### कोमल यादव



**सिर्री।** ग्राम आलेखुंटा निवासी कोमल यादव उम्र 33 वर्ष का आकस्मिक निधन 8 जुलाई मंगलवार को हो गया। वे बिमलाबाई के पुत्र, करणसिंह के भाई और उषाबाई के पति थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन एवं अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### गोकुल सिंह साहू



**नगरी।** टिकरापारा छिपली निवासी गोकुल सिंह साहू उम्र 60 वर्ष का निधन गुरूवार को हो गया। उनके निधन पर रामसाय, रामदयाल, भुवन, रामसहाय धनेश, अंजोर, तोमल, भोज, देवानंद, सरजू, राजेश, टेमन, मानसिंह, खिलेश, लालचंद, संजय, पुकेश समेत अनेक ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

एनएचएम कर्मचारियों ने विधायक अंबिका मरकाम को सौंपा ज्ञापन

# मोदी की गारंटी में शामिल मांगें अब तक अधूरी, संघर्ष का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा अपनी वर्षों पुरानी लंबित मांगों को लेकर सिहावा विधानसभा विधायक अंबिका मरकाम को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने बताया कि ये मांगें भाजपा सरकार के घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत भी सम्मिलित थीं और इन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। मगर आज तक मांगें अधूरी पड़ी हैं, जिससे प्रदेश के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मी और उनके परिजन गहरी निराशा और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।



प्रमुख मांगों में संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, समान कार्य के लिए समान वेतन हेतु ग्रेड पे निर्धारण, पारदर्शी कार्य मूल्यांकन व्यवस्था, नियमित भर्तियों में 50 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण, सेवाकाल में अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा एवं अन्य अवकाश की सुविधा, पारदर्शी स्थानांतरण नीति और न्यूनतम 10 लाख रुपये की कैशलैस स्वास्थ्य बीमा सुविधा शामिल हैं। एनएचएम कर्मचारी संघ ने बताया कि प्रदेश में पिछले 20 वर्षों से निरंतर सेवाएं देने के बावजूद उन्हें स्थायित्व, सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पाया है। भाजपा सरकार द्वारा चुनाव पूर्व घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी में यह स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगें प्राथमिकता से पूरी की जाएंगी। लेकिन सरकार के इस वादे को अमल में नहीं लाया गया।

मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिश्रा के साथ नगरी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. अखिल चंद्राकर, डॉ. सपना ख्वान, मिथलेश साहू, डॉ. तमनु नेताम, समिलराम नेताम, लोकेश साहू, राम साहू, सुमेश कुंभकार, दीपक गुप्ता, आभाष साहू, दीपक साहू, रोहित साहू, हेमंत नेताम, भेमन दीवान, खुशबू साहू, डॉ. दीपिका साहू, सपना साहू, रामकृष्ण ध्रुव, उमेश साहू समेत अनेक कर्मचारी शामिल थे।

# सनातन संस्कृति और महानदी की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी : प्रज्ञा

- गुरु पूर्णिमा पर्व पर महानदी की हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





गुरु पूर्णिमा पर्व पर महानदी सेवा संस्थान कर्णेश्वर महादेव द्वारा कर्णेश्वर महादेव संगम घाट पर साध्वी प्रज्ञा दीदी के सानिध्य मे महानदी की महाआरती की गई। उससे पहले कर्णेश्वर महादेव ट्रस्ट समिति ने उनका स्वागत किया। साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि सनातन संस्कृति और महानदी की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। तत्पश्चात संगम घाट पर एक पेड़ मां के नाम से पीपल और बेल के पौधे लगाए गए। अथितियों द्वारा महाआरती की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, डॉ. बीएस साहू, रविशंकर दुबे, भरत निर्मलकर, रामभरोसा साहू, मोहन पुजारी, प्रेमलता नागवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, सुलोचना साहू, आंचला यदु, प्रतिमा देवांगन, डॉ जीआर देवांगन, सिरसिदा सरपंच नरसिंह मरकाम, पेमंत पटेल, शिवशंकर साहू, अनिरुद्ध साहू, उत्तम साहू, रामलाल श्रीमाली, नारायण बैस सहित आसपास के श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी को लागू करवाने 16 जुलाई को वादा निभाओ रैली

- कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने बैठक में बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी की बैठक 10 जुलाई को हुई जिसमें प्रांतीय आह्वान पर कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी को लागू करवाने कलम रख मशाल उठा आंदोलन के तहत 16 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर वादा निभाओ रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहकर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

16 जुलाई के ब्लॉक स्तर पर वादा निभाओ रैली एवं ज्ञापन के लिए सभी कर्मचारीअधिकारी दोपहर भोजन अवकाश में 2 बजे रावणभाठा मैदान नगरी में एकत्रित होंगे। तत्पश्चात रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम



ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपेंगे। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया है कि उनकी 11 सूत्रीय प्रमुख मांग कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के समान दो प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए। जुलाई 2019 से समय समय पर देय लंबित महंगाई भत्ता के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। वेतन विसंगति को दूर करने गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, चार स्तरीय पदोन्नत समयमान प्रदान करने, कैशलेश चिकित्सा सुविधा लागू करने, कार्यभारित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं पंचायत सचिव का शासकीयकारण करने, एनपी एस खाते में कटौती तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करने , 300दिन अर्जित अवकाश नगरीकरण, अनुकम्पा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करने शामिल है।

बैठक में फेडरेशन उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, जोहन नेताम, अशोक साहू, महासचिव गिरीश जायसवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र बोर्झा, सहसचिव-संजय रेड्डी, सुरेंद्र लोन्हारे, कुलेश कुंजाम, एसके कश्यप, टिकेश कश्यप, योगेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# गुरुजनों का श्रीफल, शाल भेंटकर किया सम्मान

- गुरु पूर्णिमा पर भाजपा मंडल मगरलोड कार्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्यों के उज्ज्वल भविष्य का सृजन करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुरुओं की विरासत को आगे बढ़ाना ही उनके लिए गुरु दक्षिणा है। गुरू पूर्णिमा पर भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षक कोमल साहू, वीएल साहू, उमेंदीराम साहू, चित्ररेखा साहू, पुन्नूराम को श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।




मौके पर अध्यक्ष भाजपा मंडल मगरलोड रोहित मोहन साहू, जिपं सभापति टीआर कंवर, मंडल महामंत्री मुरली सिन्हा, मंडल महामंत्री नंदनी सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, महिला मोर्चा महामंत्री भानुप्रिया साहू, पार्षद यशोदा साहू, पार्षद बेदम चौहान, वरिष्ठ कार्यकर्ता दिलीप सिन्हा, मंडल कार्यकारिणी सदस्य रमेश साहू, राधा साहू, श्यामा साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, शांति देवांगन, आईटी सेल प्रभारी खूबचंद साहू, बेलरदोना सरपंच मानिक दाऊ, देवशरण साहू, रोहित सिन्हा, रीता साहू, कमलेश सेन, भूपेंद्र चेलक, गोपी साहू, हेमंत साहू सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# समता, न्याय, भाईचारा सामाजिक विकास की नींव : भावसिंह

- कुम्हारी में गुरु पूर्णिमा पर मनाई गई गुरु अमरदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

सतनामी समाज ब्लॉक भखारा के तत्वावधान में ग्राम कुम्हारी में गुरु पूर्णिमा पर गुरु अमरदास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह डहरे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु अमरदास बाबा गुरु घासीदास की प्रथम संतान है। वे वर्षों तपस्या करके आत्मज्ञान को प्राप्त किया। उन्होंने मनुष्य जीवन की सार्थकता को सिद्ध करके बताया। मान सम्मान, स्वाभिमान और शिक्षा मनुष्य जीवन की पहली



प्राथमिकता है। मनुष्यों के भौतिक विकास को सामाजिक विकास की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। समता, न्याय, बंधुत्व, भाईचारा, मानवता सामाजिक विकास की नींव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतनामी समाज ब्लॉक भखारा के सचिव रूपेंद्र बघेल तथा विशिष्ट अतिथि महेश कुर्रे, उपसरपंच बलराम टंडन, डेरहा सोनवानी, केमिचंद गेंन्द्रे, राधेलाल बघेल, प्रदीप बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। साजीदार भंडारी, अतिथियों एवं ग्रामवासियों द्वारा गुरु वंदना एवं पंथी मंगल भजन के माध्यम से पूजा आरती की गई।

इस कार्यक्रम में डोमन सोनवानी, जगदेव लहरे, आदित्य बघेल, केशो जांगड़े, डिगेश घृतलहरे, डायमंड बघेल, लक्की बघेल, दीपक मिरे, कांशी सोनवानी, छवि बघेल, लच्छू मिरे, पुन्नी सोनवानी, इंदिरा सोनवानी, नानीबाई गेंड्रे, भानबाई टंडन, सीताबाई बघेल समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर तुल्य माना गया

- पीएमश्री सेजेस कुरूद में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

पीएम श्री सेजेस कुरूद में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को तिलक वंदन कर भेंटस्वरूप पेन, पुष्पगुच्छ प्रदान किया गया एवं शिक्षकों के सम्मान में गीत भाषण श्लोक आदि सुनाए गए। इस कार्यक्रम में प्राचार्य मनेश कुमार सिंह ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती गुप्ता द्वारा की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में



श्रीमती पॉपी सिंह, आरती शर्मा, मेनका साहू, पिंकी साहू, एलिस एक्का, जगदीश साहू, श्रीवास्तव, रामप्रकाश यादव, नम्रता देशमुख, तोमेश साहू, दीपिका चंद्राकर, आकांक्षा सिंह, दीपिका कटरे, कल्याणी देवांगन सत्यप्रकाश का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा शर्मा द्वारा किया गया।

गौरतलब है कि भारतीय संस्कृति एवं इतिहास के अनुसार गुरु पूर्णिमा उत्सव का विशेष महत्व है। यह उत्सव प्रथम गुरु वेदव्यास जी के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने चारों वेदों एवं महाभारत की रचना की। भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर तुल्य माना गया है।

## विद्यार्थियों ने अपनी मां के सम्मान में रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

महानदी अकादमी में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान विद्यालय के डायरेक्टर्स मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अजय छाजेड़, अहमद रज़ा, शशांक सालम के मार्गदर्शन और सहयोग से संचालित किया गया। इस अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपनी मां के सम्मान में एक-एक पौधा रोपित किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कविता, पोस्टर मेकिंग और भाषण जैसी रचनात्मक प्रस्तुतियां भी दी गईं। यह आयोजन न केवल हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम था, बल्कि भावनात्मक रूप से बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी एक सुंदर प्रयास रहा।

# अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय को पत्र भेजने अनुशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जनपद पंचायत नगरी की सामान्य सभा की बैठक बीते बुधवार को जनपद सभाकक्ष में महेश गोटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभागवार की समीक्षा जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों द्वारा राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में कुछ विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे। कार्रवाई के लिए उच्च समिति को पत्र प्रेषित करने की अनुशंसा की गई।



मौके पर अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सभापतिगण प्रेमसिंग सलाम, राजेश गोसाई, पन्नालाल मरकाम, शुभम यदु, श्रीमती भुनेश्वरी धृतलहरे, प्रेमलता नागवंशी, विधायक प्रतिनिधि सचिन भंसाली, प्रमोद कुंजाम, मुनेन ध्रुव, सिरधन सोम, शिवनाथ मरकाम, मौसमी मंडावी, सत्यवती नेताम, कलावती मरकाम, राधिका नेताम, नंदनी साहू, क्षमा साहू, प्रभा नेताम, पुष्पा ध्रुव सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

साल में पालक 10 बार आएंगे स्कूल तो शिक्षक 3 बार जाएंगे घर-घर

# पालकों के लिए चौदह सूत्रीय घोषणा पत्र ने बदल दिया स्कूल का नक्शा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

एनईपी 2020 के परिपालन में छत्तीसगढ़ सरकार की नीति यही है कि विद्यालय और समुदाय के बीच का सम्बन्ध बहुत मजबूत हो। बिना समुदाय के सहयोग से विद्यालय प्रभावी कार्य नहीं कर सकता। इसी बात को आधार बनाकर सेजेस सिंगपुर के एसएमडीसी, पालक एवं शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय को एनईपी के अनुरूप उत्कृष्ट विद्यालय बनाने का सामूहिक निर्णय लेते हुए 14 सूत्रीय घोषणा पत्र का निर्माण किया। ग्रीष्मावकाश में इस घोषणा पत्र पर घण्टों तक चर्चा हुई। क्रियान्वयन में आने वाली दिक्कतों की समीक्षा की गई और उसका समाधान भी निकाला गया। पालकों की तरफ से घोषणा पत्र में उन्हीं बातों को शामिल किया गया जो बच्चों के सीखने सिखाने को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। इस घोषणा पत्र पर पालक एवं एसएमडीसी ने मुहर लगाई। सेजेस सिंगपुर में प्रवेश लेने वाले बच्चों को पालकों की उपस्थिति में ही प्रवेश दिया गया। घोषणा पत्र में जिन बातों को शामिल किया गया उनमें मुख्यतः शैक्षिक सामग्री की समय पर व्यवस्था, गणवेश, नियमित उपस्थिति, पूरे समय तक



विद्यालय में उपस्थिति, विद्यालय में मोबाइल एवं वाहन निषेध, प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय भागीदारी, टिफिन एवं पेयजल की व्यवस्था, नशापान एवं आपराधिक गतिविधियों में असंलग्नता, प्रत्येक टेस्ट में उपस्थिति, गृहकार्य कराने की जिम्मेदारी, विद्यालयों से सतत सम्पर्क, पाल्य के जन्मदिन पर स्कूल को किताब भेंट करना, न्योता भोज का समर्थन एवं सहयोग के साथ प्रत्येक टेस्ट के बाद बच्चे की उपलब्धि जानने हेतु विद्यालय में उपस्थिति जैसी बातें शामिल हैं।

19 जून को जब स्कूल तिहार मनाया गया तब जन प्रतिनिधि एवं हजारों पालकों की उपस्थिति में इस घोषणा पत्र का पुनः वाचन किया गया। अब इस घोषणा पत्र का पालन विद्यालय में हो रहा है। पालकों की जागरूकता का असर बच्चों पर पड़ा है। इस विद्यालय में अनुपस्थिति शून्य है। शत-प्रतिशत बच्चे गृहकार्य करते हैं। पूरे समय तक विद्यालय में रहते हैं। एक भी बच्चे विद्यालय परिसर से नहीं निकलते। शत-प्रतिशत बच्चे शिक्षकों की उपस्थिति में टिफिन लेते हैं।

विद्यालय की योजना की खास बात यह है कि वर्ष में किस-किस तिथि को कौन सी परीक्षा होगी, कौन से माह के किस दिनांक को पालकों को विद्यालय आना है, प्रत्येक पालक को इसकी जानकारी है। प्रत्येक पालक को वार्षिक कार्ययोजना की कलरफुल प्रति दी गई है। इसी क्रम में शिक्षकों ने भी वर्ष में 3 बार बच्चों के घर- घर जाकर पालक से सम्पर्क कर उनसे बच्चों की पढ़ाई सीखने सिखाने के स्तर पर बातचीत की रणनीति बनाकर इसकी शुरुआत कर दी है।

## शाउमावि अंवरी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

शाउमावि अंवरी में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के पश्चात छात्र छात्राओं ने अपने शिक्षकों का गुलाल लगाकर व श्रीफल देकर स्वागत किया व आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन डिकेश धीवर व भीमेश्वरी सेन द्वारा किया गया। प्राचार्य पीएन साहू व सभी शिक्षकों ने छात्रों को गुरु का महत्व बताया व गुरुओं के आदेश का पालन करने व उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही।

मौके पर प्राचार्य पीएन साहू, व्याख्याता आईआर साहू, केएल यादव, लाल बहादुर साहू, सहायक शिक्षक डीके साहू, पूर्णानंद सारंग, योगेश साहू, प्रधानपाठक बीपी जोशी, व्याख्याता पी. सिन्हा, केएल घोघरे, वत्सला चन्द्राकर, स्वाति टण्डन, गीता जांगड़े, राम्हू ध्रुव, झनक लहरे, पी. डहरे, नरसिंग नेताम व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मंडी की जमीन में सुरक्षा बल काबिज, पर नहीं मिल रहा किराया

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग की 3 मंडी एवं 2 उप मंडी के लगभग 39.05 एकड़ जमीन में वर्षों से सुरक्षा बलों का कब्जा है। बीजापुर मंडी का 11 एकड़, नारायणपुर मंडी का ढाई एकड़, कोंडागांव मंडी का 9 एकड़, भोपालपटनम उप मंडी का 15 एकड़ एवं दोरनापाल उप मंडी का 2 एकड़ जमीन वर्ष 2005 से सुरक्षा बल तैनात हैं। बताया जा रहा है कि नक्सल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इसके चलते लगभग वर्षों से मंडी में उपज की आवक कमी एवं आय प्रभावित हो रही है। मंडी सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों की ओर से मंडी को कब्जे की जमीन का अब तक किराया नहीं दिया जा रहा है। हालांकि कुछ वर्ष पूर्व मंडी की ओर से पुलिस से कब्जे का किराया मांगने का प्रयास किया पर कोई जवाब नहीं मिला। कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने संबंधित मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि सुरक्षा बलों द्वारा कब्जा की जमीन का किराया मांगे।

### अनियमितता, 3 कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस

**बीजापुर।** जांच में मिली अनियमितता, 3 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संचालक कृषि के निर्देशानुसार जिले में संचालित उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का लगातार जांच जारी है। उप संचालक कृषि प्रताप सिंह कुसरे के नेतृत्व में निरीक्षकों द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड संचालित विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर अनियमितता पर कार्रवाइ की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर 3 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बीजापुर विकासखण्ड़ में निरीक्षक उग्रेश कुमार देवांगन (सहायक संचालक कृषि) एवं मरकेला श्रीनिवास (कृषि विकास अधिकारी) द्वारा ग्राम मांझीगुड़ा में संचालित धुरवा कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केन्द्र में निर्धारित प्रारुप में स्कंध पंजी का संधारण, मुल्य सूची का प्रदर्शन, दैनिक उपलब्ध स्टॉक सूची का प्रदर्शन नहीं पाया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पार्षद के खिलाफ लामबंद हुए ...

चर्चा में पार्षद ने बताया है कि वार्डवासियों की समस्याओं और कर्मचारियों के भ्रष्ट रवैये को देखते हुए वे शनिवार को 10 बजे निगम के बाहर धरने पर बैठने जा रहे हैं। कर्मचारी संघ के प्रमुख मंगलू निर्मलकर ने कहा कि घटना की जानकारी आयुक्त को दी गई है। कहा गया है कि निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रतापूर्वक व्यवहार किया गया है। इसके लिए पार्षद को कर्मचारी से माफी मांगनी होगी, निगम के सभी कर्मचारी को कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान की जाए।

### संयुक्त सचिव ने आजीविका गतिविधियों की सराहना कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# आजीविका से जुड़कर चर्रा व नारी के स्वसहायता समूह की महिलाएं कमा रहीं प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा कुरूद विकासखंड के ग्राम चर्रा व नारी पहुंचीं। उन्होंने बिहान योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महिलाओं से सीधे संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चर्रा में समूह की महिला श्रीमती एनु चंद्राकर ने बताया कि वह महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देती हैं और साथ ही मनरेगा, सिलाई, इलेक्ट्रीशियन, खेती तथा घरेलू कार्यों से जुड़ी हुई हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 10-12 हजार रुपये की आय प्राप्त होती है। संयुक्त सचिव ने इस प्रयास को एक अनोखा और प्रेरणादायक प्रयोग बताया। इसके उपरांत श्रीमती शर्मा ने ग्राम नारी की समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गई साड़ी, टॉवेल, बैग आदि का अवलोकन किया। समूह की महिलाओं ने बताया कि वे साड़ियों में जिले का लोगो और गंगरेल की डिज़ाइन को शामिल कर विशेष पहचान देने का प्रयास कर रही हैं। इस पर श्रीमती शर्मा ने उत्पादों को सही बाजार और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने के निर्देश दिए, जिससे प्रत्यक्ष बिक्री के माध्यम से महिलाओं को अधिक लाभ हो सके। उन्होंने कलस्टर निर्माण कर बुनकर महिलाओं को बड़े स्तर पर काम दिलाने, जैम पोर्टल और बड़े सरकारी कार्यालयों से जोड़ने की संभावनाओं पर भी जोर दिया।

### सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण देने अधिकारियों को किया निर्देशित

इस दौरान श्रीमती शर्मा ने झाड़ू निर्माण, बांस उत्पाद, मिट्टी के बर्तन आदि बनाने वाली महिलाओं से भी चर्चा की। उन्होंने कच्चे माल की उपलब्धता, विक्रय बाजार और आय की जानकारी ली तथा सुझाव दिया कि इन महिलाओं को एक्सपर्ट्स द्वारा 15-15 दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे बाजार की मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर सकें। भारती साहू से उन्होंने आचार निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने मसाला, साबुन, बड़ी, पापड़ आदि निर्माण में लगी महिलाओं से भी चर्चा कर उनके कार्यों और समस्याओं को समझा। संयुक्त सचिव श्रीमती शर्मा ने समूह की महिलाओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण देने पर भी बल दिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक महिलाओं को बिहान योजना और आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाए, जिससे उनका आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।

## गुरु पूर्णिमा पर हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम भिरई में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ऋषि पुत्र भोलेश्वर सिन्हा ने यज्ञ कराया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सनत कुमार सिन्हा सरपंच, भोजराम यादव ग्रामीण अध्यक्ष, घनश्याम देवदास उपसरपंच, बृजलाल साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष थे। कार्यक्रम में अनेक गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार किया गया। मुख्य अतिथियों एवं गायत्री परिवार द्वारा पौधरोपण किया गया। यह जानकारी वेदप्रकाश साहू ने दी।

## जीवन को संवारने में गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका



■ बाजार कुर्रीडीह में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं द्वारा गुरु की महिमा पर आधारित गुरु वंदना गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य अभयराम ध्रुव ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा पर्व का महत्व बताया और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचीन गुरुकुल शिक्षा की दीक्षा एवं गुरु परंपरा से विद्यार्थियों को अवगत कराया। बताया कि हमारी संस्कृति में प्राचीनकाल से ही विद्यार्थियों के जीवन को संवारने में गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज भी हम सबके मन में गुरु का स्थान सर्वोच्च एवं आदरपूर्ण है। गुरु पूर्णिमा पर लक्ष्मी एवं गुंजा ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी बच्चों ने गुरुजनों को तिलक लगाकर व श्रीफल एवं पेन देकर सम्मान किया गया व उनसे आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आईपीओ की प्रक्रिया रोकने, राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की मांग

■ ग्रामीण बैंकों के हित में दुर्ग सांसद बघेल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अखिल भारतीय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ द्वारा ग्रामीण बैंकों के निजीकरण एवं आईपीओ की प्रक्रिया के विरोध में देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव एस. वेंकटेश्वर रेड्डी ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से भेंट की तथा उन्हें केन्द्रीय वित्त मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखने, आईपीओ की प्रक्रिया को रोकने और शीर्ष स्तर पर राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की मांग को लेकर दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि 13.40 लाख करोड़ का कुल कारोबार, 7148 करोड़ का वार्षिक लाभ और 90% ऋण प्राथमिक क्षेत्र को दिया गया है। बावजूद इसके आईपीओ की दिशा में उठाए गए कदमों से ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान श्री रेड्डी के साथ जीएन मूर्ति, एसपी दास, प्रदीप मिश्रा, रौनक त्रिपाठी, विकास मीणा, रमेश सिंह उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक रिटायरीज एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके राघव ने बताया कि वेंकटेश रेड्डी ने सांसद को दिल्ली में प्रस्तावित किसी भी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का अनुरोध किया, जिसे विजय बघेल ने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने ग्रामीण बैंक कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## छात्रों ने शिक्षकों के चरण धोकर लिया आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर पंडित निशांत शर्मा ने पूजन संपन्न कराया। छात्रों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का पैर धोकर, तिलक, चंदन लगाकर आरती की। शिक्षकों को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। आज का दिन शिष्य को अपने गुरु के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं का सम्मान करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। गुरु की कृपा से ही शिष्य अज्ञान से आत्मबोध, अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होता है। शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हुए उसे जीवन के उच्चतम आदर्शों से जोड़ने वाले महान गुरु ही होते हैं।

## 'बुलडोजर भाऊ' लगातार जनता से हो रहे मुखातिब

■ स्टेशनपारा के अटल आवास पहुंचे, लोगों से उनकी मूलभूत आवश्यकताओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम महापौर रामू रोहरा जनसेवा की अनोखी शैली को अपनाकर लोगों के बीच लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। वे न सिर्फ जनप्रतिनिधि की भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि अपने हर कदम से यह प्रमाणित कर रहे हैं कि जनता के प्रति समर्पण ही उनका धर्म है। 'बुलडोजर भाऊ' के नाम से चर्चित हो चुके रामू रोहरा की कार्यशैली ने शहरवासियों का दिल जीत लिया है।

जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान निकालने की मंशा के चलते वे प्रतिदिन सुबह-सुबह क्षेत्र में भ्रमण कर ज़रूरतमंदों के बीच पहुंचते हैं। ऐसा ही एक दृश्य स्टेशनपारा के अटल आवास परिसर में देखने को मिला, जहां वे स्वयं बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे और हाल ही में वहां शिफ्ट हुए निवासियों से उनकी मूलभूत आवश्यकताओं पर चर्चा की।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत कर यह जानने की कोशिश की कि निवासियों को और क्या-क्या राहत दी जा सकती है। यह देख वहां के रहवासी काफी राहत महसूस कर रहे थे। महापौर श्री रोहरा ने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जनप्रतिनिधि के नाते वे पूर्ण निष्ठा व समर्पण से उनके साथ खड़े रहेंगे और हरसंभव सहायता प्रदान करेंगे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक अनौपचारिक चर्चा में महापौर ने कहा कि जनता जनार्दन ही हमारे सबसे बड़े गुरु हैं। उनकी सेवा करना मेरे लिए नारायण सेवा के समान है। गुरु पूर्णिमा का यही सच्चा अर्थ है अपने गुरु के प्रति समर्पण और सेवा। मैं इस भावना के साथ हर दिन जनता की सेवा में तत्पर रहूंगा। महापौर रामू रोहरा की यह कार्यशैली न केवल उन्हें एक कुशल जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित कर रही है, बल्कि जनता के बीच उनकी छवि एक सेवाभावी नेता की बनती जा रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर छात्रों ने लिया शिक्षकों से आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में 10 जुलाई को महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में माध्यमिक शाला गोरेगांव में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कौशल प्रसाद साहू प्रधानपाठक व शिक्षक राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम को छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि नियुक्त कर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं ने गुरुजनों के सम्मान में गीत, कविता, कहानी प्रेरक प्रसंग आदि प्रस्तुत किया। प्रपा कौशलप्रसाद साहू ने बताया कि आज से 5000 वर्ष पहले आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को त्रेता युग के अंत में महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ है, तभी से आज के दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। महर्षि वेदव्यास विश्व के प्रथम गुरु के रूप में जाना जाता है। उनकी प्रमुख रचनाएं भगवत गीता, महाभारत, 18 पुराण प्रमुख है। कार्यक्रम का संचालन दीपिका साहू व लावण्या सार्वा ने किया। कार्यक्रम में ईश्वरी ऐल्मा, गंगा यादव, ऋषिकेश साहू, उर्वशी साहू, हर्षकुमार साहू का सहयोग रहा।

## माध्यमिक शाला अरौद डुबान में बाल कैबिनेट का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय माध्यमिक शाला अरौद डुबान में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानमंत्री वीणा, उपमंत्री शुभम कुमार, शिक्षा मंत्री अविनाश कुमार, उपमंत्री पलक, वित्त मंत्री शिवानी, उपमंत्री कुणिका, खेलमंत्री स्वष्टकृति, उपमंत्री पंकज कुमार, सांस्कृतिक मंत्री त्रिभुवन, उपमंत्री गायत्री, खाद्यमंत्री गरिमा, उपमंत्री अजय कुमार, क़ृषि एवं पर्यावरण मंत्री प्राची, उपमंत्री तरुण कुमार, शाला नायक तनूजा मंडावी, उपशाला नायक प्रेमप्रकाश, छटवीं में कक्षा नायक अविनाश कुमार, उप कक्षानायक पीहू नाग, सातवीं कक्षा नायक कुणिका सोरी, उपकक्षा नायक गरिमा विश्वकर्मा, आठवीं में तनुजा मंडावी कक्षा नायक एवं उप कक्षा नायक पलक मरकाम को बनाया गया। इसमें शिक्षक भुवन प्रसाद सोरी एवं उत्तम कुमार जांगड़े का सहयोग रहा। सभी बच्चों को प्रधानपाठक एवं संकुल समन्वयक उत्तम कुमार गंगवीर ने शुभकामनाएं दीं।

## पंचायत सचिव का स्थानांतरण रोकने ग्रामीण करेंगे आंदोलन



■ रूद्री सरपंच, पंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत रूद्री के जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सचिव को यथावत रखने की मांग कलेक्टर से की है।

शुक्रवार को रूद्री सरपंच लक्ष्मी बया, उपसरपंच शुभम साहू, सभापति अनीता यादव, संजना साहू, सरोज सोनवानी, पूर्व उपसरपंच प्रीतम साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सचिव तेवदास मानिकपुरी का स्थानांतरण अन्यत्र किया गया है।

गांव में सचिव की किसी प्रकार से शिकायत नहीं है। ग्रामीणों तथा पंचायत प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक में सचिव को यथावत रखने का प्रस्ताव पास किया गया है।

सचिव के कार्य एवं व्यवहार से सभी संतुष्ट हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि स्थानांतरण नहीं रोके जाने की स्थिति में ग्रामीण सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पीएमश्री स्कूल बठेना में गुरू पूर्णिमा मनाई गई





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पीएमश्री सेजेस बठेना में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। स्वागत गीत कक्षा नवमीं की छात्रा रेशमा व रुचि ने प्रस्तुत किया। छात्रों द्वारा गुरु पर आधारित कविताएं, भाषण, गीत और श्लोक प्रस्तुत किए गए। नवमी की छात्रा हर्षिता यादव ने गुरु की महिमा बताई। छात्र हिमांग शर्मा ने भाषण प्रस्तुत किया। नवमी ब की छात्रा वैष्णवी साहू, हर्षिता यादव ने गुरु पूर्णिमा पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा ग्यारहवीं बायो के छात्र मुकुन्द साहू एवं छात्रा वेणुका साहू, नवमी की छात्रा वसुलक्ष्मी ने कविता प्रस्तुत की। बच्चों ने सरल और प्रभावशाली शब्दों से गुरु के प्रति आभार प्रकट किया। छात्र-छात्राओं ने हिंदी में कविता, गीत व श्लोक के माध्यम से गुरु के महत्व को दर्शाया। व्याख्यातागण परवेज अली, श्रीमती प्रियंका जैन, पोलेन्द्र करभाल, दीपक कुमार साहू, प्रयोगशाला सहायक मानिक सिन्हा ने बच्चों को गुरु के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने एकलव्य का उदाहरण देते हुए गुरु की महत्ता बताई।

## गुरु जीवन का पथ प्रदर्शक होता है : रोहरा



■ भाजपा कार्यालय में गुरु पूर्णिमा पर पीजी कालेज के पूर्व प्राध्यापकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कार्यालय में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अनंत दीक्षित एवं पूर्व पीटीआई श्री थिटे का सम्मान कर उन्हें उनकी शिक्षा एवं समाज निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री एवं नगर निगम महापौर रामू रोहरा, ओबीसी आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा तथा विधायक श्रीमती रंजना साहू, महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, निगम सभापति कौशल्या देवांगन, जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन, विजय साहू, हेमंत चंद्राकार उपस्थित थे। महापौर श्री रोहरा ने अपने संबोधन में गुरु की महिमा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि गुरु जीवन का पथ प्रदर्शक होता है, जो व्यक्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है।

जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। श्रीमती रंजना साहू एवं इंदरचंद चोपड़ा ने भी अपने विचार प्रकट किए और गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे व आभार व्यक्त कार्यक्रम के संयोजक विजय साहू ने किया। कार्यक्रम की तैयारियों का दायित्व हेमंत चंद्राकर ने निभाया।

## किसानों को अरहर मिनीकिट दिया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत अर्जुनी, खपरी और भानपुरी में किसानों को 4 किलोग्राम का अरहर मिनीकिट प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अर्जुनी सरपंच श्रीमती इंदु मोहित ध्रुव, उपसरपंच लाकेश सिन्हा, अग्रवाल साहू सभापति जनपद पंचायत धमतरी, क्षेत्र की ग्रामीण विस्तार अधिकारी श्रीमती भाग्यश्री गुप्ता, मोहित ध्रुव, किसान मित्र धवन साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

DMT_BHOOMI_12_2025-04_Layout 1 11-Jul-25 10:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सिरसिदा से कावड़ यात्रा के लिए शिव भक्त हुए रवाना

**चारामा।** सावन माह के शुरू होते ही शिव भक्ति शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शंकर का जलाभिषेक करने लगे। ग्राम सिरसिदा में शिव भक्त घना राम साहू, वासुदेव साहू, रेखराम साहू, धर्मेंद्र साहू, अजय साहू, रेमन साहू एवं विष्णु साहू को कांवड़ यात्रा के लिए रवाना किया गया। ग्राम प्रमुख एवं समाज सेवक कन्हैया सिंह ठाकुर, यादो राम साहू, भूषण साहू के द्वारा हरि झड़ी दिखाकर सभी शिव भक्तों को रवाना किया गया। कांवड़ यात्रियों ने बताया कि सुल्तान गंज गंगा नदी से पावन जल लेकर बाबा बैजनाथधाम देवघर शिव मंदिर में भगवान रुद्र शंकर का जलाभिषेक करेंगे।

### मां के नाम पर किया गया पौधारोपण



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम फितेफुलचुर के प्राथमिक शाला में एक पेड़ मां के नाम पर 11 जुलाई को पौधा रोपण ग्रामवासियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। पौधा रोपण पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन विकास पर्यावरण, संतुलन, जल स्रोत वायु प्रदूषण के तहत वृक्षारोपण किया गया, जिसमें आम, नींबू, कटहल, पपीता, इमली, कुसुम, सीताफल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर वार्ड पंच रामशिला पुड़ो, सीताबाई मंडावी, रघुवर तेता, घनश्याम चंद्रवंशी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामवासी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### पटौद में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा साहू के द्वारा गुरु वंदना की प्रस्तुति से किया गया। प्राचार्य डीएस निषाद ने अपने प्रथम गुरु माता पिता का सदैव चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने एवं गुरुओं के प्रति सदैव सम्मान का भाव रखकर उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने को कहा। जीवन में सफलता केवल किताबी ज्ञान से नहीं बल्कि एक सच्चे गुरु के मार्गदर्शन से ही मिलता है। कार्यक्रम में समस्त शाला परिवार, पालक गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने मनाया गुरूपूर्णिमा का पर्व

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा भी गुरु पूर्णिमा उत्सव विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत गुरुओं के सम्मान के साथ मनाया गया जिसमें महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में खेल प्रशिक्षक रहे चंद्रिका प्रसाद ठाकुर एवं हाईस्कूल भानुप्रतापपुर से सेवानिवृत्त राम उईके, पशुओं की सेवा में योगदान देने वाले नरसिंह राव कदम, पोस्टमैन गौतम खैरकर शिक्षा के क्षेत्र में किरण श्रीवास्तव, सरला पांडे, तुलसीदेवी श्रीवास, युवराज भोयर, संबलपुर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर के प्रतिष्ठित पुजारी लल्ला महाराज, सिरहा बैगा ईश्वर साहू को शॉल और श्री फल और मिठाई भेंट कर मनाया गया। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

भक्ति से ओतप्रोत 60 सदस्यीय दल को महापौर रामू रोहरा ने किया विदा

# कांवरियों का पहला जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए हुआ रवाना, बोल बम के लगे नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी से 60 कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर झारखंड के लिए गुरूवार को रवाना हुआ। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने बोलबम, बाबा ही सहारा है, का नारा लगाकर भक्तों को रवाना किया। कांवरिये ट्रेन के माध्यम से बिहार से सुल्तानगंज पहुंचकर उत्तरवाहिनी गंगा नदी से जल लेकर 110 किमी की पदयात्रा कर बाबा बैद्यनाथ धाम में स्थापित ज्योतिर्लिंग में जल अर्पित करेंगे। यह यात्रा आस्था की प्रतीक है तथा वर्षों पुरानी परंपरा का जीवंत उदाहरण है जिसका पालन हर साल शिवभक्त करते हैं। धमतरी से जत्था हर साल देवघर के लिए रवाना होता है। यह पहला जत्था है। पूरे सावन में दर्जनों जत्था देवघर के लिए रवाना होंगे। जत्था प्रमुख वीनु भाई, राजू, कैलाश आदि ने बताया कि उनकी टीम पिछले 25 वर्षों से पवित्र यात्रा कर रही है। कांवर यात्रा में भगवान शिव की विशेष कृपा होती है। जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। कांवर यात्रा के दौरान मार्ग में कभी बाधा नहीं आई। भक्तगण स्वस्थ होकर 110 किमी पदयात्रा करते हैं। टीम ने बताया कि बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर झारंखड में स्थित है। यह मनोकामना, ज्योतिर्लिंग के नाम से प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां माता सती का हृदय गिरा था। यह शक्तिपीठ के रूप में भी प्रसिद्ध है। सावन माह में यहां माह भर के लिए विशाल मेला लगता है। कांवर यात्रा में देश-विदेश से लाखों भक्त यहां पहुंचते हैं। इसके अलावा लाखों श्रद्धालु परिवार दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

---

# हाथी का डर, स्कूल में अहाता से बच्चों की होगी सुरक्षा

- नाथूकोन्हा की घाटी पर सड़क निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम पंचायत केरेगांव के स्कूल में अहाता तथा नाथूकोन्हा घाटी पर रास्ता निर्माण की मांग सरपंच, पंच ने की है। शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे केरेगांव सरपंच अकबर मंडावी, पंच मन्नूराम दर्रो ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन कर कहा है कि प्राथमिक शाला कुरमाझर गांव से 500 मीटर की दूरी पर है। स्कूल जंगल से घिरा हुआ है। यहां विगत 4-5 साल से हाथियों का आवागमन हो रहा है। प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों में हाथी का भय हमेशा बना रहता है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र अहाता निर्माण की मांग की है।

एक अन्य गांव के सरपंच ने कहा कि विगत 25 साल से नाथूकोन्हा की घाटी पर सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। घाटी में रास्ता बनाने ग्रामीणों ने श्रमदान भी किया है, लेकिन शासन प्रशासन घाटी में पक्का रास्ता बनाने की दिशा में कोई कार्य नहीं कर पाया है। घाटी के रास्ते राशन सामग्री, साप्ताहिक बाजार एवं बच्चों को स्कूल आने - जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरपंच, पंच ने घाटी में गौरवपथ सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति कराने की मांग की है।

---

# सर्व शिवा रायपुर ने जीता मानसून कप प्रतियोगिता का खिताब

- बॉक्स क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए नया प्लेटफार्म, नए टैलेंट सामने आएंगे : पं. राजेश
- प्रतियोगिता में राज्य की 32 टीमों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




मानसून कप प्रतियोगिता में फाइनल मैच सर्व शिव रायपुर वर्सेस विजय इंश्योरेंस धमतरी के मध्य खेला गया जिसमें अधिक संख्या में दर्शकों ने मैच का लुत्फ उठाया। प्रतियोगिता में राज्य की 32 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन एक क्वार्टर फाइनल और दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाइनल रोहित 11 वर्सेस विजय इंश्योरेंस के मध्य खेला गया जिसमें विजय इंश्योरेंस की टीम ने मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल ऑल स्टार रायपुर वर्सेस सर्व शिवा रायपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करती हुई सर्व शिवा की टीम निर्धारित 6 ओवर में 32 रन पर आल आउट हो गई। सर्वशिवा की टीम ने मात्र 24 रनों में ऑल स्टार रायपुर की टीम को ऑल आउट कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल टर्फ टाइटंस धमतरी वर्सेस विजय इंश्योरेंस धमतरी के बीच खेला गया जिसमें टाइटंस की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में मात्र 21 रन ही बना पाई। इसके जवाब में विजय इंश्योरेंस की टीम ने 2.1 ओवर में एक विकेट खोकर यहां लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के तीसरे पुरस्कार के लिए मैच खेला गया जिसमें ऑल स्टार रायपुर वर्सेस टर्बो टाइटन के बीच मैच खेला गया। ऑल स्टार रायपुर ने यह मुकाबला जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले सर्व शिवा रायपुर वर्सेस विजय इंश्योरेंस धमतरी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विजय इंश्योरेंस की टीम निर्धारित 6 ओवर में 31 रन बनाये और जीत के लिए सर्व शिवा रायपुर की टीम को 32 रनों का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में चार ओवर में रायपुर ने लक्ष्य को हासिल कर मानसून कप का खिताब अपने नाम किया।

प्रथम स्थान पर सर्व शिवा रायपुर की टीम को 31000 रुपए व विनर ट्रॉफी, द्वितीय विजय इंश्योरेंस की टीम को 21000 व रनर ट्रॉफी, तृतीय ऑल स्टार रायपुर की टीम 11000 रूपए व कप प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर के मुख्य अतिथि एएसपी मणिशंकर चंद्रा एवं डीएसपी श्रीमती रागिनी मिश्रा एवं प्रतियोगिता के संरक्षक पंडित राजेश शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। यह जानकारी क्लब संयोजक रघुवीर बघेल ने दी।

---

# दो हजार विद्यालयों के 5 लाख से अधिक विद्यार्थी 11,11,111 पीपल के पौधे रोपेंगे

- अशासकीय विद्यालय संघ ने गुरु पूर्णिमा पर पीपल का पेड़ गुरु के नाम अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ के तत्वावधान में ग्लोबल वार्मिंग जैसी भयावह समस्या से निपटने एक ऐतिहासिक एवं व्यापक अभियान प्रारंभ किया गया है पीपल का पेड़ गुरु के नाम। इस अभियान का शुभारंभ 12 जून को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। अब इस अभियान की औपचारिक शुरुआत 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर पूरे प्रदेश में की गई।

प्रदेशाध्यक्ष सुबोध राठी ने बताया कि यह अभियान 5 सितंबर शिक्षक दिवस तक चलेगा। 2000 विद्यालयों से जुड़े 5 लाख से अधिक विद्यार्थी 11,11,111 पीपल के पौधे रोपेंगे।

मौके पर विनोद पांडे प्रदेश कोषाध्यक्ष, तरुण पांडे जिला अध्यक्ष, बसंत गजेंद्र जिला कोषाध्यक्ष, भूपेश चौधरी उपाध्यक्ष, मुकेश ननावरे मीडिया प्रभारी, महेंद्र यादव कार्यकारिणी सदस्य, तिहारू सिन्हा प्रमुख सलाहकार, श्रीमती प्रतीक्षा बाबर एवं श्रीमती रेखा शर्मा ने इस यज्ञ में भूमिका निभाई है।

### पहले वर्ष में 5,00,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य

पहले वर्ष में 5,00,000 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। 5 वर्ष तक देखभाल की जिम्मेदारी प्रत्येक विद्यार्थी की होगी। प्रत्येक विद्यालय के कक्षा शिक्षक इस प्रक्रिया को मॉनिटर करेंगे। धमतरी जिले में अभियान का शुभारंभ सर्वोदय इंग्लिश स्कूल परिसर से किया गया।

---

# चालीस फीट के हिसाब से सड़क बनी तो रोजगार छीन जाएगा, मकान भी नहीं बचेगा

- अंबेडकर चौक से रुद्री तक फोरलेन और रुद्री से गंगरेल तक टू लेन बनेगी सड़क
- रुद्री रोड चौड़ीकरण मामले को लेकर गोकुलपुर वार्डवासियों की महापौर के साथ हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





रुद्री रोड चौड़ीकरण मामले में गोकुलपुर वार्डवासियों की महापौर और पार्षदों के साथ बैठक हुई। वार्डवासियों ने अपनी समस्याएं रखी जिस पर महापौर ने उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

ज्ञात हो कि धमतरी शहर में तीन प्रमुख मार्गो का फोर लाइन चौड़ीकरण प्रस्तावित है जिसमें सिहावा चौक से कोलियारी तक और रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक फोरलेन पास हो चुका है। इस बीच अंबेडकर चौक से रुद्री तक फोरलेन और रुद्री से गंगरेल तक टू लेन का भी प्रस्तावित है। कुछ दिन पहले राजस्व नगर निगम और पीडब्ल्यूडी द्वारा नाप जोख की गई। सड़क के मध्य से दोनों और 40-40 फीट नापा गया है ,जिससे वार्डवासी दहशत में हैं। वार्डवासियों ने कहा कि यदि 40 फीट के हिसाब से सड़क बनाई जाती है तो सभी का रोजगार छीन जाएगा और रहने के लिए मकान भी नहीं बचेगा।

इसी संबंध में बुधवार की शाम लक्ष्मी निवास चौक रेस्टोरेंट में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। महापौर रामू रोहरा, महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद ईश्वर सोनकर और गोकुलपुर वार्ड के पार्षद गजेंद्र कंवर मौजूद थे।

### मुआवजा पर्याप्त नहीं

वार्डवासियों ने बताया कि इसमें मुआवजा काफी कम है। वर्तमान बाजार दर से बहुत ज्यादा कम है। यदि सरकारी गाइडलाइन पर मुआवजा दिया जाता है तो उस पैसे से तो घर की रिपेयरिंग भी नहीं की जा सकती। सड़क किनारे सभी का रोजगार जुड़ा हुआ है यदि तोड़फोड़ की जाती है तो रोजगार खत्म हो जाएगा और लोग सड़क पर आ जाएंगे।

### मिला आश्वासन

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी के विकास के लिए सड़कों का चौड़ीकरण आवश्यक है। इस मार्ग में कई जगह पर्याप्त जगह है। लेकिन भटगांव चौक नाली से कर्मा चौक तक ही ज्यादा संकरा है। यहां पर नाप कर इस्टीमेट बनाने कहा गया था। इसमें मुआवजा 1250 रुपया प्रति वर्ग फीट है, जो दोगुना मिलेगा।

वार्डवासियों ने कहा कि कुछ ऐसा हल निकाला जाए जिससे बिना तोड़फोड़ के चौड़ीकरण भी हो जाए और लोगों का रोजगार बना रहे। यदि 40 फीट का सड़क निर्माण किया जाता है रहने के लिए घर भी नहीं बचेगा।

बैठक में बाबूलाल यदु, विजय पुरी गोस्वामी, डॉ भूपेंद्र साहू, भीखम लाल साहू, बीके वाही, रामकुंवर साहू, राजा भोजवानी, गणेशुराम साहू, गीता साहू, पलक साहू, दीक्षा साहू, देव श्री साहू, भारती साहू, किशोर वाही, आशीष भट्ट, बसंती यादव, स्नेह वाही, ललित नारायण साहू, उत्तम कुमार साहू, भीष्म नारायण साहू, महेश श्रीवास्तव, मुकेश वर्मा, अजय मीनपाल, सुरेंद्र साहू, श्याम कार्तिक साहू, सुरेश कुमार साहू, आकृति वाही, पारस साहू, राजकुमार साहू, दीपक दुबे, हेमंत यादव, अधिवक्ता उत्तम साहू, कैलाश सोनकर, मोनिका साहू, चंद्रहास साहू, उपेंद्र साहू, एकल शर्मा मौजूद थे।

---

# देश की प्रसिद्ध नृत्यांगना जान्हवी के ओडिशी नृत्य विलास ने मोहा मन




- गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा और संस्कृति से गूंज उठा डीपीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




गुरु पूर्णिमा पर दिल्ली पब्लिक स्कूल धमतरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की प्रसिद्ध ओडिशी नृत्यांगना सुश्री जान्हवी बेहरा ने अपनी मोहक भाव-भंगिमाओं और लयात्मक शैली से विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा अतिथि स्वागत से हुई, जिसका मार्गदर्शन शैल अध्यापिका एवं निकिता अध्यापिका ने किया। इसके बाद दर्शना अध्यापिका और कांति अध्यापिका के निर्देशन में दीप प्रज्ज्वलन हुआ।

विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल एवं निदेशक श्रीमती निधि अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत पौधे भेंटकर किया। प्रधानाचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि गुरु केवल वह नहीं जो हमें पुस्तकीय ज्ञान देता है, बल्कि वह होता है जो हमें सही दिशा दिखाता है। हमारे व्यक्तित्व को निखारता है और जीवन के प्रत्येक मोड़ पर हमारा मार्गदर्शन करता है। कार्यक्रम की विशेष भव्यता तब देखने को मिली जब ओडिशी नृत्य विलास की प्रस्तुति में जान्हवी बेहरा ने अपनी नृत्य-कला से सभी को भावविभोर कर दिया। उनके सहयोगी प्रदीप कुमार मोहरा, श्रीमती हरप्रिया स्वान एवं सौम्य रंजन नायक थे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक धीरज अग्रवाल का जन्मदिवस मनाया गया। उन्होंने प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि सच्चा गुरु वह है जो अपने ज्ञान से जीवन में उजाला लाए और हमें एक बेहतर इंसान बनाए। मंच संचालन शिवानी अध्यापिका ने किया। यह कार्यक्रम विद्यालय के समन्वयक रोहित कुमार, सतप्रीत सिंह एवं प्रबंधक शैलेश बाजपेई के मार्गदर्शन में हुआ।

---

# रामजानकी मंदिर में गुरू पूर्णिमा मनाई गई



**धमतरी।** श्री रामजानकी मंदिर छाती में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हवन एवं रामायण पाठ का आयोजन हुआ। प्रभु की महाआरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया। मौके पर मंदिर समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक धमतरी, मो.नं. 98264-32896

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
BEFORE AFTER
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज